>

Title: Regardiing repair and reconstruction of bridge over river Bhadar on National Highway between Rajkot and Porbandar in Gujarat-laid.

श्री रमेशभाई एल. धडुक (पोरबंदर): राजकोट से पोरबंदर नेशनल हाईवे पर जेतपुर के पास भादर नदी के ऊपर एक पुराना ब्रिज है जो दो साल से बंद हालत में है । माननीय अध्यक्ष जी, दो साल में न तो इसकी मरम्मत हुई हैं और न ही नया बनाने के बारे में कोई निर्णय लिया गया है ।

राजकोट से पोरबन्दर जहाँ पूज्य राष्ट्रपिता श्री महात्मा गाँधी जी का जन्मस्थान है, और सोमनाथ में जहाँ भगवान शिवजी का पवित्र ज्योर्तिलिंग है । यहाँ देशभर से लोग दर्शन करने के लिए आते हैं तो रास्ते में कई घंटो तक जाम बना रहता है और अकस्मात में कई लोगों की जान भी गई है ।

मैं माननीय सड़क एवं परिवहन मंत्री जी से से पूछना चाहता हूँ कि कितने दिनों में इस ब्रिज का मरम्मत का कार्य होगा या नया बनेगा ।